वर्ष 30 अंक 47
Pages 12
Bareilly, Sunday, 28 October 2018
BAREILLY EDITION
Within Bareilly City.- ₹ 2/-
Outside Bareilly City.- ₹ 3/-

दैनिक जागरण

inext

PAGE NO. 04 : MIDDLE

एकेटीयू स्पोर्ट्स फेस्ट में फ्यूचर का जलवा

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (27 Oct): फ्यूचर इंस्टीट्यूट ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस एंड टेक्नोलॉजी के स्पोर्ट्स ग्राउंड में चल रही एकेटीयू का जोनल स्पोर्ट्स फेस्ट-2018 का समापन हो गया. समापन के मौके पर विजेताओं को पुरस्कार वितरण भी किया गया.

निशांत को मिले 2 स्वर्ण पदक

स्वर्ण पदक जीतने वाले प्लेयर अब लखनऊ में राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में बरेली जोन का प्रतिनिधित्व करेंगे. स्पोर्ट्स फेस्ट में 2 स्वर्ण पदक जीतने वाले फ्यूचर के निशांत सिंह राजपूत एवं एमआईटी के मोहित अग्रवाल को पुरुष वर्ग में सर्वश्रेष्ठ एथलीट घोषित किया गया. जैवलिन थ्रो पुरुष वर्ग में एमआईटी के सुकांत को स्वर्ण, फ्यूचर इंस्टीट्यूट के नुवैद को रजत पदक मिला. महिला वर्ग में एसआरएमएस की प्रियांशी सिंह को स्वर्ण, फ्यूचर की अशी को रजत पदक मिला. 800 मीटर रेस में फ्यूचर की प्रियांशी अग्रवाल स्वर्ण एमआईटी मुरादाबाद की मोनिका चौहान को रजत, फ्यूचर की हिना कन्नौजिया को कांस्य पदक मिला. 400 मीटर की रेस में फ्यूचर की हिना कन्नौजिया को स्वर्ण एमआईटी की मोनिका चौहान को रजत पदक मिला. टेबल टेनिस के पुरुष वर्ग में एमआईटी मुरादाबाद को स्वर्ण, एसआरएमएस को रजत, फ्यूचर को कांस्य पदक मिला. शतरंज में फ्यूचर के अमन चन्द्र को स्वर्ण तथा एसआरएमएस के आकाश गुप्ता को रजत पदक मिला. संस्थान के चेयरमैन मुकेश गुप्ता एवं महानिदेशक डॉ. मनीष शर्मा ने स्पोर्ट्स फेस्ट की मशाल को शांत कर दो दिवसीय कार्यक्रम का समापन किया.

मेडल मिलने के बाद प्लेयर्स के खिले चेहरे.